# Solutions: Current Affairs Quiz 405

sanskritiias.com/pt-quiz-solutions/current-affairs-quiz-405

## Q1.

भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसे नीति आयोग द्वारा इसरो के सहयोग से विकसित किया गया है।
2. यह देश के पारंपरिक विद्युत संयंत्रों, तेल एवं गैस के कुओं, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, कोयला क्षेत्रों और कोयला ब्लॉक्स जैसे ऊर्जा प्रतिष्ठानों का चित्रण करता है।
3. यह 27 विषयगत श्रेणियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा विद्युत संयंत्रों और अक्षय ऊर्जा संसाधन क्षमता आदि पर ज़िले-वार डाटा प्रस्तुत करता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 2
4. 1, 2 और 3

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तर- (d)**
**व्याख्या:**

- नीति आयोग ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के सहयोग से 'भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित भारत का ऊर्जा मानचित्र' तैयार किया है।
- नीति आयोग यह मानचित्र भारत सरकार के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मंत्रालयों; कोयला मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय आदि के साथ मिलकर तैयार करता है।
- यह मानचित्र भारत में नवीकरणीय एवं गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों, तेल एवं गैस के अनुप्रवाह क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, जीवाश्म ईंधन और अन्य ऊर्जा परिसंपत्तियों के स्थानिक और गैर-स्थानिक डाटा का दृश्यीकरण प्रस्तुत करता है। साथ ही, यह 27 विषयगत श्रेणियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा विद्युत संयंत्रों और अक्षय ऊर्जा संसाधन क्षमता आदि पर ज़िले-वार डाटा प्रस्तुत करता है।
- यह मानचित्र संसाधनों की भू-स्थानिक योजना, जैसे- आगामी सौर पार्कों, कोयला ब्लॉक्स, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिये बुनियादी ढाँचा परियोजना तथा ऊर्जा व्यवधानों के आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिये अत्यंत उपयोगी है।

**इस प्रकार, सभी कथन सही हैं, अतःविकल्प (d) सही उत्तर है।**

## Q2.

---

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसकी शुरुआत वर्ष 2015 में पेरिस में आयोजित कोप-21 (COP-21) के दौरान की गई थी।
2. यह संधि-आधारित अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।
3. इसके द्वारा वर्ष 2025 तक 1 ट्रिलियन वाट (1000 गीगावाट) सौर ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2

2. केवल 1 और 3

3. केवल 2

4. केवल 2 और 3

The correct answer is: 1

Solution:

**उत्तर- (a)**
**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा 30 नवंबर, 2015 को पेरिस में आयोजित कोप-21 (COP-21) के दौरान की गई थी। इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में है।
- आई.एस.ए. एक संधि-आधारित अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है। वर्तमान में 122 देश इसके सदस्य हैं और 98 देशों ने इसके फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- इसका उद्देश्य सौर-संसाधन संपन्न देशों की ऊर्जा आवश्कताओं को पूरा करने के लिये वैकल्पिक ऊर्जा साधन के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना तथा साथ मिलकर संबंधित चुनौतियों का समाधान निकलना है।
- इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक 1 ट्रिलियन वाट (1000 गीगावाट) सौर ऊर्जा का उत्पादन करना है, जिसके लिये सौर ऊर्जा क्षेत्र में 1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश का रोडमैप तैयार किया गया है।
- आई.एस.ए. की चौथी महासभा का आयोजन वर्चुअल माध्यम से 18-21 अक्तूबर, 2021 के बीच किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता भारत सरकार के विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा आई.एस.ए. सभा के अध्यक्ष श्री आर.के. सिंह करेंगे।

**इस प्रकार, कथन 1 और 2 सही हैं, जबकि कथन 3 गलत है। अतःविकल्प (a) सही उत्तर है।**

## Q3.

हाल ही में, चर्चा में रही 'जेन-नेक्स्ट डेमोक्रेटिक नेटवर्क' किसकी पहल है?

1. संस्कृति मंत्रालय
2. भारतीय सांस्कृतिक सबंध परिषद्
3. नीति आयोग
4. गृह मंत्रालय

The correct answer is: 2

Solution:

**उत्तर- (b)**
**व्याख्या:**

- भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (ICCR) आज़ादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में जेन-नेक्स्ट डेमोक्रेटिक नेटवर्क पहल के तहत 75 लोकतंत्रों के युवा नेताओं की मेज़बानी करेगी।
- इस पहल के तहत विश्व के लोकतांत्रिक देशों से सत्तारूढ़ दल, विपक्षी दल और अन्य प्रमुख दलों के 35 वर्ष से कम आयु के युवा नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसके पहले बैच में भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया, चिली और ज़ाम्बिया के युवा नेता शामिल होंगे।

- इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व के विभिन्न लोकतांत्रिक देशों के युवा नेताओं को भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक संस्कृति के बारे में एक व्यापक समझ प्रदान करना है।

**इस प्रकार, विकल्प (b) सही उत्तर है।**

## Q4.

तिब्बत विज्ञान पाठ्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसकी शुरुआत भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) द्वारा अरुणाचल प्रदेश से की गई है।
2. इसके लिये सैन्य प्रशिक्षण कमांड द्वारा देश भर से सात संस्थानों का चयन किया गया है।
3. इसका मुख्य उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों में तैनात भारतीय अधिकारियों तथा जवानों को तिब्बत की संस्कृति तथा भू-राजनीतिक स्थिति से अवगत कराना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 1 और 3
3. केवल 2
4. केवल 2 और 3

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तर- (d)**
**व्याख्या:**

- वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर तैनात अधिकारियों एवं जवानों को तिब्बती संस्कृति की जानकारी प्रदान करने तथा वहाँ की भू-राजनीतिक स्थिति को समझने हेतु भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश स्थित 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन कल्चरल स्टडीज़' के सहयोग से तिब्बत विज्ञान में एक पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह पाठ्यक्रम 42 दिनों का होगा।
- सैन्य प्रशिक्षण कमांड (ARTRAC) ने देश भर में तिब्बत विज्ञान पाठ्यक्रम के लिये सात संस्थानों की पहचान की है, जिनमें से दो पूर्वोत्तर में हैं। पहला अरुणाचल प्रदेश में तथा दूसरा सिक्किम में स्थित नामग्याल तिब्बत विज्ञान संस्थान है।
- तिब्बती मुद्दों में पारंगत लामाओं को शिक्षक के रूप में बोमडिला मठ से आमंत्रित किया गया है।

**इस प्रकार, कथन 2 और 3 सही हैं, जबकि कथन 1 गलत है। अतःविकल्प (d) सही उत्तर है।**

**Q5.**

---

'अर्थ शॉट प्राइज़' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह पुरस्कार सयुंक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. इसे 'पर्यावरणीय ऑस्कर' के रूप में भी जाना जाता है ।
3. इस पुरस्कार के लिये भारतीय पर्यावरण कार्यकर्ता विद्युत मोहन को नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2
3. केवल 1 और 3
4. केवल 2 और 3

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तर- (d)**
**व्याख्या:**

- अर्थशॉट पुरस्कार प्रिंस विलियम और रॉयल फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक पुरस्कार है, इसे 'पर्यावरणीय ऑस्कर' के रूप में भी जाना जाता है ।
- जलवायु संकट से निपटने हेतु विकसित नवाचारों के लिये इस पुरस्कार की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य पृथ्वी की पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान को प्रोत्साहित करना और उसे समर्थन प्रदान करना है।
- इस पुरस्कार के लिये भारतीय पर्यावरण कार्यकर्ता विद्युत मोहन को 'ईंधन बनाने के लिये कृषि अपशिष्ट को पुनर्चक्रित करने की तकनीक' विकसित करने के लिये नामित किया गया है।
- इसके अंतर्गत पाँच व्यक्तियों या संगठनों, जो पर्यावरण संकट से निपटने हेतु प्रभावशाली समाधान प्रस्तुत करते हैं, को एक मिलियन यूरो से सम्मानित किया जाएगा।

**इस प्रकार, कथन 2 और 3 सही हैं, जबकि कथन 1 गलत है। अतःविकल्प (d) सही उत्तर है।**